भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4618
जिसका उत्तर शुक्रवार, 28 मार्च, 2025 को दिया जाना है

## नया नोटरी पोर्टल

**4618. श्री तेजस्वी सूर्या :**
**श्री श्रीरंग आप्पा चंद्र बारणे :**
**श्री अनुराग शर्मा :**
**श्रीमती भारती पारधी :**
**श्री बसवराज बोम्मई :**
**श्री मनोज तिवारी :**
**श्री दामोदर अग्रवाल :**
**श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ :**
**श्री कंवर सिंह तंवर :**
**श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत :**
**श्री अरुण गोविल :**
**श्री सुरेश कुमार कश्यप :**

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने नोटरी की नियुक्ति के लिए नया नोटरी पोर्टल शुरू किया है और यदि हां, तो इसकी विशेषताओं सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ख) नोटरी पोर्टल बनाने का उद्देश्य क्या है और इसके निर्माण से पहले की स्थिति क्या थी;

(ग) विभिन्न राज्यों में, विशेषकर उत्तर प्रदेश के अमरोहा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ावा देने में नोटरी पोर्टल की क्या भूमिका है ;

(घ) क्या सरकार का नोटरी पोर्टल की दक्षता को और अधिक बढ़ाने के लिए अतिरिक्त विशेषताओं या अद्यतन का कार्यान्वयन करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ङ) क्या नोटरी रिकॉर्ड के लिए डिजिटल स्टोरेज सुविधा के सृजन/विकास हेतु कोई कदम उठाए जा रहे हैं/ उठाए जाने का प्रस्ताव है ; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और नोटरी रिकॉर्ड के लिए सुरक्षित डिजिटल स्टोरेज सुविधा विकसित करने हेतु किस विशिष्ट प्रौद्योगिकी और अवसंरचना का उपयोग किया जा रहा है और नोटरी रिकॉर्ड के पूर्ण डिजिटलीकरण के लिए समय-सीमा क्या है ?

## उत्तर

**विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार);**
**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री अर्जुन राम मेघवाल)**

**(क) से (घ) :** सरकार ने नोटरी अधिनियम 1952 और नोटरी नियम, 1956 से संबंधित कार्यों के लिए ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने हेतु एक समर्पित मंच के रूप में नोटरी पोर्टल लॉन्च किया है।इसका आशय नोटरी के रूप में नियुक्ति के लिए आवेदन जमा करने, नोटरी के रूप में नियुक्ति

के लिए पात्रता का सत्यापन, नोटरी के रूप में डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस जारी करने, सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस का नवीनीकरण, प्रैक्टिस के क्षेत्र में परिवर्तन, वार्षिक विवरणी जमा करने आदि जैसी विभिन्न सेवाओं के लिए नोटरियों और सरकार के बीच एक ऑनलाइन इंटरफेस प्रदान करना है ।नोटरी पोर्टल एक फेसलेस, पेपरलेस, पारदर्शी और कुशल प्रणाली प्रदान करता है ।वर्तमान में, केवल दस्तावेजों और पात्रता के सत्यापन और नव नियुक्त नोटरियों को डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस जारी करने से संबंधित मॉड्यूल लाइव है ।नोटरी पोर्टल के लॉन्च होने से पहले, सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस नोटरी को भौतिक रूप से जारी किया जाता था ।25.3.2025 तक, नोटरी पोर्टल के माध्यम से विभिन्न राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के लिए नव नियुक्त नोटरियों को 26,600 से अधिक डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस जारी किए गए हैं ।

**(ङ) :** जी नहीं ।

**(च) :** प्रश्न ही नहीं उठता ।

***********